## रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

## CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 09/12/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** पुष्पी पादपों में, बीजांड के अंदर नर और मादा युग्मकों का संलयन, ______ कहलाता है।

**Ans**
✘ A. वाष्पोत्सर्जन (transpiration)
✘ B. परागण (pollination)
✔ C. निषेचन (fertilisation)
✘ D. अंकुरण (germination)

**Q.2** वे पदार्थ जो जैविक प्रक्रियाओं द्वारा विघटित हो जाते हैं, उन्हें क्या कहा जाता है?

**Ans**
✘ A. अजैवनिम्नीकरणीय
✔ B. जैवनिम्नीकरणीय
✘ C. धात्विक
✘ D. सिंथेटिक

**Q.3** हाइड्रोजन परमाणु की अनुमानित त्रिज्या _________ होती है।

**Ans**
✔ A. 10–10 m
✘ B. 10–7 m
✘ C. 10–8 m
✘ D. 10–9 m

**Q.4** जब आप शर्करा को जल में घोलते हैं तो क्या होता है?

**Ans**
✘ A. शर्करा, जल के साथ अभिक्रिया करती है
✘ B. शर्करा के कण नीचे बैठ जाते हैं
✘ C. जल वाष्पित हो जाता है
✔ D. शर्करा के कण जल के कणों के बीच जगह बना लेते हैं

**Q.5** ओम का नियम किस स्थिति में मान्य है?

**Ans**
✔ A. केवल स्थिर तापमान पर धात्विक चालकों के लिए
✘ B. किसी भी तापमान पर सभी सामग्रियों के लिए
✘ C. केवल उच्च तापमान पर इन्सुलेटर के लिए
✘ D. केवल अर्धचालकों के लिए

| Q.6 | नारियल के हस्क (husk of a coconut) में अधिकांशतः कौन-सा पादप ऊतक पाया जाता है, और इसका मुख्य कार्य क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. कोलेन्काइमा – नम्यता प्रदान करना |
| | ✓ B. स्क्लेरेन्काइमा – सामर्थ्य और दृढ़ता प्रदान करना |
| | ✗ C. जाइलम – जल और खनिजों का संवहन करना |
| | ✗ D. पैरेन्काइमा – भोजन का भंडारण करना |

| Q.7 | लेंस सूत्र .................. के रूप में दिया गया है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. f = v + u |
| | ✓ B. 1/f = 1/v – 1/u |
| | ✗ C. f = uv |
| | ✗ D. 1/f = u/v |

| Q.8 | 3 kg द्रव्यमान की एक गेंद को 6 m की ऊँचाई तक उठाया जाता है। इसकी स्थितिज ऊर्जा _______ है। $g = 10\ m/s^2$ लीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 20 J |
| | ✗ B. 1.8 J |
| | ✗ C. 200 J |
| | ✓ D. 180 J |

| Q.9 | पुष्पीय पौधों में बीजों के निर्माण और परिपक्वता के ठीक बाद क्या होता है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. बीज परिक्षेपण |
| | ✗ B. निषेचन |
| | ✗ C. बीज अंकुरण |
| | ✗ D. परागण |

| Q.10 | प्लाज्मा झिल्ली _____________ से बनी होती है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. प्रोटीन और शर्करा |
| | ✓ B. लिपिड और प्रोटीन |
| | ✗ C. शर्करा और लिपिड |
| | ✗ D. DNA और लिपिड |

| Q.11 | निम्नलिखित में से कौन-सा, क्रिया-प्रतिक्रिया युग्म का उदाहरण नहीं है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. तैराक पानी को पीछे की ओर धकेलता है और पानी तैराक को आगे की ओर धकेलता है |
| | ✗ B. बंदूक पीछे हटती है और गोली आगे बढ़ती है |
| | ✓ C. कार पर इंजन का बल लगता है और कार आगे बढ़ती है |
| | ✗ D. बल्ला गेंद पर बल लगाता है और गेंद बल्ले पर बल लगाती है |

| Q.12 | कार्बन लंबी श्रृंखलाएं बना सकता है, क्योंकि यह ________ प्रदर्शित करता है तथा ________ दर्शाता है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. विद्युतऋणात्मकता; चतुष्संयोजकता |
| | ✗ B. त्रिसंयोजकता; श्रृंखलन |
| | ✗ C. द्विआबंध; त्रिआबंध |
| | ✓ D. चतुष्संयोजकता; श्रृंखलन |

| | |
|---|---|
| Q.13 | यदि ध्वनि तरंग की काल-अवधि T है, तो 1/T क्या दर्शाता है? |
| Ans | ✔ A. आवृत्ति (ν) |
| | ✘ B. तरंगदैर्ध्य (λ) |
| | ✘ C. एम्प्लीट्यूड (A) |
| | ✘ D. चाल (v) |

| | |
|---|---|
| Q.14 | यदि कोई विद्यार्थी सांद्रित अम्ल में तेजी से जल मिलाता है, तो क्या होने की संभावना होगी? |
| Ans | ✘ A. विलयन ठंडा हो जाएगा। |
| | ✔ B. विलयन आस्फालित (splash) हो सकता है और दग्ध का कारण बन सकता है। |
| | ✘ C. कुछ नहीं होगा। |
| | ✘ D. अम्ल जम (solidify) जाएगा। |

| | |
|---|---|
| Q.15 | ठोस के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से सत्य हैं?<br><br>a. निश्चित आकार<br>b. स्थिर दृढ़ता<br>c. आयतन |
| Ans | ✘ A. केवल a और c |
| | ✘ B. केवल a और b |
| | ✔ C. a, b और c |
| | ✘ D. केवल b और c |

| | |
|---|---|
| Q.16 | ________ मानव शरीर की सबसे लंबी कोशिका है। |
| Ans | ✘ A. पेशी तंतु (muscle fibre) |
| | ✔ B. न्यूरॉन (neuron) |
| | ✘ C. बिंबाणु (platelet) |
| | ✘ D. अस्थिकोशिका (osteocyte) |

| | |
|---|---|
| Q.17 | किसी माध्यम का निरपेक्ष अपवर्तनांक ...................... के रूप में परिभाषित किया जाता है? |
| Ans | ✘ A. एक माध्यम में प्रकाश की चाल और दूसरे माध्यम में प्रकाश की चाल के अनुपात |
| | ✘ B. माध्यम में प्रकाश की चाल और वायु में प्रकाश की चाल के अनुपात |
| | ✔ C. निर्वात में प्रकाश की चाल और माध्यम में प्रकाश की चाल के अनुपात |
| | ✘ D. माध्यम में प्रकाश की चाल और निर्वात में प्रकाश की चाले के अनुपात |

| | |
|---|---|
| Q.18 | पौधों पर आक्रमण करने के लिए कीट-पीड़कों द्वारा उपयोग नहीं किए जाने वाले तरीके की पहचान कीजिए। |
| Ans | ✘ A. मूल, तना और पत्ती को काटकर (By cutting the root, stem and leaf) |
| | ✔ B. तने पर विसर्पण करके (By creeping on stem) |
| | ✘ C. कोशिका रस चूस कर (By sucking the cell sap) |
| | ✘ D. तने और फलों में छिद्र करके (By boring into stem and fruits) |

| | |
|---|---|
| Q.19 | अयस्कों से अपद्रव्यों को हटाने के लिए कौन-सी प्रक्रिया जानी जाती है? |
| Ans | ✘ A. प्रगलन |
| | ✔ B. सांद्रण |
| | ✘ C. परिष्करण |
| | ✘ D. भर्जन |

| Q.20 | किसी संतुलित रासायनिक समीकरण में, प्रत्येक तत्व के परमाणु की कुल संख्या ___________ होती है। |
|---|---|
| Ans | ✔ A. दोनों पक्षों पर बराबर |
| | ✘ B. सदैव परिवर्ती |
| | ✘ C. उत्पाद पक्ष पर अधिक |
| | ✘ D. अभिक्रियक पक्ष पर अधिक |

| Q.21 | एक विद्युत बल्ब 8 मिनट तक 0.15 A धारा कर्षित करता है। इस दौरान परिपथ में कितना विद्युत आवेश प्रवाहित होता है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 72 A |
| | ✘ B. 720 C |
| | ✘ C. 1.2 C |
| | ✔ D. 72 C |

| Q.22 | जब कोई वस्तु, पृथ्वी की ओर गिरती है, तो उसमें त्वरण किस कारण से होता है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. चुंबकीय बल |
| | ✘ B. घर्षण |
| | ✔ C. पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल |
| | ✘ D. वायु प्रतिरोध |

| Q.23 | निम्नलिखित में से कौन सा गर्भनिरोधक उपकरण/तरीका एड्स जैसे यौन संचारित रोगों (STD) को फैलने से रोकता है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. कॉपर T |
| | ✔ B. कंडोम |
| | ✘ C. पुरुष नसबंदी/नलबंदी |
| | ✘ D. मौखिक गोलियाँ |

| Q.24 | जब कोई पक्षी ऊपर की ओर उड़ने के लिए अपने पंख नीचे की ओर फड़फड़ाता (flaps) है, तो कौन-सा कथन उसमें सम्मिलित बलों का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. पक्षी वायु को नीचे की ओर धकेलता है, लेकिन उस पर कोई समान और विपरीत बल कार्य नहीं करता है। |
| | ✔ B. पंखों का वायु पर नीचे की ओर धकेलना क्रिया है, और पंखों पर वायु द्वारा उत्पन्न उत्थापन प्रतिक्रिया है। |
| | ✘ C. पक्षी का भार क्रिया बल के रूप में कार्य करता है, और वायु प्रतिक्रिया बल प्रदान करती है। |
| | ✘ D. पंखों का फड़फड़ाना क्रिया है, और पक्षी को नीचे की ओर खींचने वाला गुरुत्वाकर्षण प्रतिक्रिया है। |

| Q.25 | कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड वायु में उपस्थित कार्बन डाइऑक्साइड के साथ धीमी गति से अभिक्रिया करके किस यौगिक की एक पतली परत बनाता है जिसका उपयोग सफेदी करने के लिए किया जा सकता है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. CaO |
| | ✘ B. CaSO4 |
| | ✔ C. CaCO3 |
| | ✘ D. Ca(HCO3)2 |

Section : **Mathematics**

| Q.26 | 21 cm कोर वाले एक ठोस लकड़ी के घन से सबसे बड़ा संभव शंकु बनाया गया है। शेष लकड़ी का आयतन ($cm^3$ में) कितना होगा? ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए) |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 7240.3 |
| | ✔ B. 6835.5 |
| | ✘ C. 6125.5 |
| | ✘ D. 5940.5 |

| Q.27 | 210 m ऊँचे एक जहाज़ के मस्तूल के शीर्ष से, एक नाव का अवनमन कोण 60° देखा जाता है। जहाज़ से नाव की दूरी (m में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. $60\sqrt{3}$ |
| | ✗ B. $70\sqrt{2}$ |
| | ✓ C. $70\sqrt{3}$ |
| | ✗ D. $60\sqrt{2}$ |

| Q.28 | निम्नलिखित आंकड़ों से बहुलक की गणना करें। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 10 |
| | ✓ B. 9 |
| | ✗ C. 11 |
| | ✗ D. 8 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रसवावस्था के दिन | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| रोगियों की संख्या | 5 | 7 | 8 | 6 | 4 |

| Q.29 | एक वॉशिंग मशीन की कीमत एक TV की कीमत से 40% कम है। यदि वॉशिंग मशीन की कीमत 51% बढ़ जाती है और TV की कीमत 15% कम हो जाती है, तो 5 वॉशिंग मशीनों और 7 TV की कुल कीमत में कितने प्रतिशत परिवर्तन होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 5% की कमी |
| | ✗ B. 5.2% की वृद्धि |
| | ✗ C. 8% की कमी |
| | ✓ D. 4.8% की वृद्धि |

| Q.30 | किसी वस्तु का अंकित मूल्य उसके क्रय मूल्य से 41% अधिक निर्धारित किया गया है। यदि व्यापारी, वस्तु को उसके अंकित मूल्य से 13% कम पर बेचता है, तो उसका लाभ प्रतिशत (दशमलव के 1 स्थान तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 26.3% |
| | ✗ B. 25.4% |
| | ✓ C. 22.7% |
| | ✗ D. 21.8% |

| Q.31 | चतुर्भुज PQRS में, ∠R और ∠S के समद्विभाजक बिंदु T (चतुर्भुज के भीतर) पर मिलते हैं और ∠STR = 28° है। यदि ∠P और ∠Q का अनुपात 3 : 4 है, तो ∠Q और ∠P के मापों में कितना अंतर है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 13° |
| | ✗ B. 3° |
| | ✓ C. 8° |
| | ✗ D. 6° |

| Q.32 | 130 m और 190 m लंबी दो ट्रेनें क्रमशः 96 km/hr और 48 km/hr की चाल से एक ही दिशा में चल रही हैं। तेज चलने वाली ट्रेन, धीमी चलने वाली ट्रेन को पूरी तरह से पार करने में कितना समय लेगी? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 24 सेकंड |
| | ✗ B. 9 सेकंड |
| | ✗ C. 18 सेकंड |
| | ✗ D. 8 सेकंड |

| Q.33 | 10 महिलाओं का एक समूह एक डिज़ाइनर साड़ी को 20 दिनों में बुन सकता है। 4 दिनों के बाद, 20 महिलाओं का एक और समूह उसी साड़ी पर काम करने के लिए उनके साथ जुड़ जाता है। साड़ी पूरी तरह से बुनने में और कितने दिन लगेंगे? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. $5\frac{1}{3}$ दिन |
| | ✗ B. $6\frac{4}{11}$ दिन |
| | ✗ C. $10\frac{1}{2}$ दिन |
| | ✗ D. 10 दिन |

| Q.34 | यदि किसी भिन्न के अंश में 3 जोड़ दिया जाए तो वह 1 हो जाती है, और यदि भिन्न के हर में 4 जोड़ दिया जाए तो वह $\frac{4}{5}$ हो जाती है। मूल भिन्न के अंश और हर का गुणनफल कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 688 |
| | ✗ B. 886 |
| | ✔ C. 868 |
| | ✗ D. 896 |

| Q.35 | 60 − [12 ÷ (2 + 1) + 4 × 2] का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 46 |
| | ✔ B. 48 |
| | ✗ C. 49 |
| | ✗ D. 50 |

| Q.36 | एक रेलगाड़ी रेलवे ट्रैक के अनुदिश दौड़ रहे दो व्यक्तियों को पीछे छोड़ देती है। पहला व्यक्ति 12.6 km/hr की चाल से दौड़ रहा है, और दूसरा व्यक्ति 25.2 km/hr की चाल से दौड़ रहा है। रेलगाड़ी पहले व्यक्ति को पार करने में 16.8 सेकंड और दूसरे व्यक्ति को पार करने में 22.4 सेकंड लेती है। यदि दोनों रेलगाड़ी की ही दिशा में चल रहे हैं तो रेलगाड़ी की चाल कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 63 km/hr |
| | ✗ B. 62 km/hr |
| | ✗ C. 59 km/hr |
| | ✗ D. 60 km/hr |

| Q.37 | एक आयत की लंबाई उसकी चौड़ाई की दोगुनी है। यदि आयत का परिमाप 12 cm है, तो लंबाई और चौड़ाई ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. लंबाई = 3 cm और चौड़ाई = 6 cm |
| | ✗ B. लंबाई = 2 cm और चौड़ाई = 4 cm |
| | ✗ C. लंबाई = 6 cm और चौड़ाई = 3 cm |
| | ✔ D. लंबाई = 4 cm और चौड़ाई = 2 cm |

| Q.38 | रंगीन ब्लॉकों की कुल संख्या 8360 है। यदि लाल ब्लॉक का नीले ब्लॉक से अनुपात 1 : 3 है और नीले ब्लॉक का पीले ब्लॉक से अनुपात 7 : 4 है, तो कितने पीले ब्लॉक हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 2495 |
| | ✗ B. 2494 |
| | ✔ C. 2508 |
| | ✗ D. 2598 |

| Q.39 | यदि हसन और अली की कुल आयु, अली और अहमद की कुल आयु से 12 वर्ष अधिक है, तो अहमद, हसन से कितने वर्ष छोटा है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 10 |
| | ✓ B. 12 |
| | ✗ C. 14 |
| | ✗ D. 11 |

| Q.40 | दो मित्र, किरण और महेश की मासिक आय क्रमशः 5 : 8 के अनुपात में है और उनमें से प्रत्येक हर माह ₹78,000 की बचत करता है। यदि उनके मासिक व्यय का अनुपात 2 : 4 है, तो किरण की मासिक आय (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 1,95,000 |
| | ✗ B. 2,73,000 |
| | ✗ C. 1,96,000 |
| | ✗ D. 1,94,000 |

| Q.41 | प्रेक्षणों 58, 13, 74, 38, 98, 36, 43, 39 और 42 का समांतर माध्य ................है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 43 |
| | ✗ B. 51 |
| | ✗ C. 53 |
| | ✓ D. 49 |

| Q.42 | संख्या 3*760 में * का वह न्यूनतम मान ज्ञात कीजिए जिससे परिणामी संख्या 12 से विभाज्य हो जाए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 5 |
| | ✗ B. 1 |
| | ✓ C. 2 |
| | ✗ D. 0 |

| Q.43 | किसी वस्तु के क्रय मूल्य और विक्रय मूल्य के बीच का अंतर ₹480 है। यदि क्रय मूल्य पर लाभ 20% है, तो वस्तु का विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. ₹2,880 |
| | ✗ B. ₹2,500 |
| | ✗ C. ₹2,000 |
| | ✗ D. ₹2,400 |

| Q.44 | $(2x-1)^2 - (x-4)(x+4)$ को सरल कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 3x2 − 4x + 15 |
| | ✓ B. 3x2 − 4x + 17 |
| | ✗ C. 3x2 + 4x + 17 |
| | ✗ D. 2x2 − 4x + 17 |

| Q.45 | $\frac{1}{20}, \frac{11}{90}$ का कितना प्रतिशत है (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित उत्तर दीजिए)? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 55.91% |
| | ✓ B. 40.91% |
| | ✗ C. 81.82% |
| | ✗ D. 50.91% |

| Q.46 | तीन संख्याएं 2 : 17 : 19 के अनुपात में हैं और इन संख्याओं का योगफल 7752 है। बीच वाली संख्या ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 3470 |
| | ✗ B. 3465 |
| | ✓ C. 3468 |
| | ✗ D. 3469 |

| Q.47 | प्रथम 9 अभाज्य संख्याओं का योग कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 96 |
| | ✗ B. 102 |
| | ✗ C. 101 |
| | ✓ D. 100 |

| Q.48 | A और B मिलकर किसी कार्य को 4 दिनों में पूरा कर सकते हैं। B अकेले उसी कार्य को 36 दिनों में कर सकता है। A अकेले उसी कार्य का दोगुना कार्य कितने समय (दिन में) पूरा करेगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 12 |
| | ✗ B. 10 |
| | ✗ C. 4.5 |
| | ✓ D. 9 |

| Q.49 | एक वस्तु के अंकित मूल्य पर 11% की छूट देने के बाद, इसे ₹41,207 में बेचा जाता है। इसका अंकित मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 46,276 |
| | ✗ B. 46,148 |
| | ✗ C. 46,363 |
| | ✓ D. 46,300 |

| Q.50 | दो बैंक, A और B, क्रमशः 3.5% और 7.5% वार्षिक दर से ऋण देते हैं। राकेश ने प्रत्येक बैंक से ₹2,20,000 उधार लिए। राकेश द्वारा 4 वर्षों के बाद दोनों बैंकों को भुगतान किए गए साधारण ब्याज की राशि के बीच धनात्मक अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 36,700 |
| | ✗ B. 34,700 |
| | ✓ C. 35,200 |
| | ✗ D. 36,200 |

Section : **General Intelligence and Reasoning**

| Q.51 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>FGH BCD XYZ TUV ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. PRQ |
| | ✓ B. PQR |
| | ✗ C. PRO |
| | ✗ D. POR |

| Q.52 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर KOJM का संबंध एक निश्चित तरीके से QUPS से है। उसी प्रकार, OSNQ का संबंध UYTW से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, GKFI का संबंध निम्नलिखित में से किससे है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. MQOL |
| | ✗ B. QMLO |
| | ✓ C. MQLO |
| | ✗ D. QMOL |

| Q.53 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br><br>कथन:<br>सभी हैमर, स्क्रूड्राइवर हैं।<br>कुछ स्क्रूड्राइवर, रिंच हैं।<br>कोई रिंच, प्लायर नहीं है।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I): कुछ प्लायर, स्क्रूड्राइवर हैं।<br>(II): कुछ रिंच, हैमर हैं। |
|---|---|
| Ans | ✔ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) सत्य है |
| | ✘ B. केवल निष्कर्ष (II) सत्य है |
| | ✘ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों सत्य हैं |
| | ✘ D. केवल निष्कर्ष (I) सत्य है |

| Q.54 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, KOJL का संबंध एक निश्चित तरीके से RVQS से है। उसी प्रकार, MQLN का संबंध TXSU से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, OSNP का संबंध निम्नलिखित में से किससे है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. ZVUW |
| | ✘ B. ZVWU |
| | ✔ C. VZUW |
| | ✘ D. VZWU |

| Q.55 | निम्नलिखित संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।<br><br>(बाएं) 8 2 6 4 7 3 5 1 9 8 3 7 2 6 5 9 1 4 8 7 2 6 9 3 5 8 (दाएं)।<br><br>ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक है और ठीक बाद एक सम अंक है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. पांच |
| | ✔ B. चार |
| | ✘ C. दो |
| | ✘ D. तीन |

| Q.56 | दी गई शृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>79 104 129 154 179 ? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 199 |
| | ✘ B. 215 |
| | ✔ C. 204 |
| | ✘ D. 210 |

| Q.57 | यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>15 + 17 ÷ 27 × 3 − 10 = ? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. −130 |
| | ✔ B. −128 |
| | ✘ C. −126 |
| | ✘ D. −127 |

| Q.58 | पाँच व्यक्ति V, W, X, Y और Z एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। W पंक्ति के बाएँ छोर पर बैठा है। Z और W के बीच दो व्यक्ति बैठे हैं। V, Z का निकटतम पड़ोसी है। X, V का निकटतम पड़ोसी है। W और Y के बीच कुल कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. एक भी नहीं |
| | ✗ B. दो |
| | ✓ C. तीन |
| | ✗ D. एक |

| Q.59 | किसी निश्चित कूट भाषा में, 'elbow yield apple' को 'tr ss jw' के रूप में तथा 'apple case barn' को 'ss rz jn' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'apple' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. jw |
| | ✗ B. rz |
| | ✓ C. ss |
| | ✗ D. tr |

| Q.60 | यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ 'x' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह '?' के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>41 C 12 A 6 D 5 B 2 = ? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 33 |
| | ✗ B. 34 |
| | ✗ C. 32 |
| | ✗ D. 31 |

| Q.61 | निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक ग्रुप एक निश्चित तर्क का अनुसार अगले ग्रुप से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए, जो समान तर्क का अनुसरण करता है।<br><br>CLUB - LCUB - CUBL<br>SEAT - ESAT - SATE |
|---|---|
| Ans | ✓ A. PALE - APLE - PLEA |
| | ✗ B. HOME - OHME - EOMH |
| | ✗ C. GROW - GORW - WORG |
| | ✗ D. TWIN - WTIN - WINT |

| Q.62 | यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है<br>COP, TIK, ANY, CAN, OWN<br>यदि प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में अगले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने कितने शब्दों में कोई स्वर नहीं होगा? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. एक |
| | ✗ B. तीन |
| | ✗ C. चार |
| | ✗ D. दो |

| Q.63 | रवींद्र बिंदु A से चलना शुरू करता है और पूर्व की ओर 9 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 3 km गाड़ी चलाता है, दाएं मुड़ता है और 4 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 8 km गाड़ी चलाता है। अंत में वह दाएं मुड़ता है,13 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया जाए सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. दक्षिण की ओर 5 km |
| | ✗ B. उत्तर की ओर 15 km |
| | ✓ C. उत्तर की ओर 5 km |
| | ✗ D. पूर्व की ओर 7 km |

| Q.64 | किसी निश्चित कूट भाषा में, 'lime card river' को 'du kt bv' के रूप में तथा 'river child judge' को 'rr xi kt' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'river' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. rr |
| | ✗ B. bv |
| | ✓ C. kt |
| | ✗ D. du |

| Q.65 | निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?<br><br>OSW 24, GKO 35, YCG 46, QUY 57, IMQ 68, ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. AOI 79 |
| | ✓ B. AEI 79 |
| | ✗ C. AIE 79 |
| | ✗ D. AEI 78 |

| Q.66 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. SWP |
| | ✗ B. EIB |
| | ✓ C. PTN |
| | ✗ D. VZS |

| Q.67 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>710 712 708 714 706 716 ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 720 |
| | ✓ B. 704 |
| | ✗ C. 708 |
| | ✗ D. 718 |

| Q.68 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. RN-SP |
| | ✗ B. PL-QN |
| | ✗ C. TP-UR |
| | ✓ D. VR-WU |

| Q.69 | A, B, C, D, W, X और Y, एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। W और Y के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। A, Y के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। B के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। B और A के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। X, D के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। C और X के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. तीन |
| | ✓ B. दो |
| | ✗ C. चार |
| | ✗ D. एक |

| Q.70 | उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।<br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)<br><br>(18, 324, 1)<br>(7, 71, 23) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. (22, 501, 13) |
| | ✗ B. (44, 1955, 15) |
| | ✗ C. (1, 30, 25) |
| | ✓ D. (22, 505, 22) |

| Q.71 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>7 16 27 40 55 ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 62 |
| | ✗ B. 70 |
| | ✓ C. 72 |
| | ✗ D. 60 |

| Q.72 | सात डिब्बे, A, B, C, D, E, F और G, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों। केवल C को B के ऊपर रखा गया है। B और F के बीच केवल E को रखा गया है। A के नीचे केवल G को रखा गया है। F के नीचे कितने डिब्बे रखे गए हैं? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 3 |
| | ✗ B. 1 |
| | ✗ C. 4 |
| | ✗ D. 2 |

| Q.73 | उत्तर दिशा की ओर अभिमुख 41 व्यक्तियों की एक पंक्ति में, मोहन बाएं छोर से 10वें स्थान पर है। यदि राहुल, मोहन के दाएं से 9वें स्थान पर बैठा है, तो पंक्ति के दाएं छोर से राहुल का स्थान कौन-सा है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 24वां |
| | ✗ B. 21वां |
| | ✗ C. 22वां |
| | ✓ D. 23वां |

| Q.74 | तोशी बिंदु A से चलना शुरू करता है और पूर्व की ओर 70 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 45 km गाड़ी चलाता है, फिर बाएं मुड़ता है और 78 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 76 km गाड़ी चलाता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है, 8 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए?<br><br>(नोट: सभी मोड़ केवल 90° के हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. उत्तर में 30 km |
| | ✗ B. दक्षिण में 32 km |
| | ✗ C. दक्षिण में 33 km |
| | ✓ D. उत्तर में 31 km |

| Q.75 | एक निश्चित कूट भाषा में,<br>'A + B' का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है'<br>'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'<br>'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'<br>'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'<br>उपरोक्त के आधार पर, यदि 'D × F + G ÷ H – J' है, तो D का J से क्या संबंध है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पत्नी |
| | ✓ B. भाई की पत्नी |
| | ✗ C. पुत्री |
| | ✗ D. भाई की पुत्री |

| Q.76 | निम्नलिखित शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)।<br><br>(बाएं) 8 3 7 1 2 5 9 6 3 7 8 2 4 1 (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी सम संख्याएं हैं (बाएं से दाएं), जिनके ठीक बाद एक विषम संख्या आती है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. तीन से अधिक |
| | ✗ B. एक |
| | ✗ C. तीन |
| | ✗ D. दो |

| Q.77 | यदि ‘A’ का अर्थ ‘÷’ है, ‘B’ का अर्थ ‘×’ है, ‘C’ का अर्थ ‘+’ है और ‘D’ का अर्थ ‘–’ है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>92 D 9 C 96 A 12 B 7 = ? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 139 |
| | ✗ B. 193 |
| | ✗ C. 143 |
| | ✗ D. 133 |

| Q.78 | आठ व्यक्ति – A, B, C, D, E, F, G और H, एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A के ठीक बाईं ओर पड़ोस में C बैठा है। E के बाईं ओर से गिनने पर C और E के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। H के बाईं ओर से गिनने पर H और E के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। H के ठीक बाईं ओर पड़ोस में D बैठा है। E का निकटतम पड़ोसी B नहीं है। G के दाईं ओर दूसरे स्थान पर F बैठा है। H के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. A |
| | ✓ B. G |
| | ✗ C. F |
| | ✗ D. B |

| Q.79 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br>कथन:<br>सभी वॉलेट, बैंक हैं।<br>सभी बैंक, वॉल्ट हैं।<br>निष्कर्ष:<br>(I): कुछ वॉल्ट, बैंक हैं।<br>(II): सभी वॉलेट, वॉल्ट हैं। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। |
| | ✗ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। |
| | ✗ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। |
| | ✓ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। |

| Q.80 | यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।<br><br>(बाएं) 783 791 531 563 594 (दाएं)<br>(उदाहरण- 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)<br>नोट - सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।<br><br>यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ा जाए तो परिणाम क्या होगा? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 12 |
| | ✗ B. 10 |
| | ✗ C. 11 |
| | ✗ D. 9 |

Section : **General Awareness and Current Affairs**

| Q.81 | फरवरी 2025 में, NDRF ने किस जिले में हिमस्खलन बचाव अभियान लॉन्च किया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. शिलांग |
| | ✗ B. उत्तरकाशी |
| | ✔ C. चमोली |
| | ✗ D. शिमला |

| Q.82 | 2025 लुधियाना पश्चिम उपचुनाव में, कौन-सी पार्टी विजयी हुई? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| | ✗ B. शिरोमणि अकाली दल |
| | ✗ C. भारतीय जनता पार्टी |
| | ✔ D. आम आदमी पार्टी |

| Q.83 | 5 जून 2025 को किस शहर को भारत की 'तेंदुआ राजधानी (Leopard Capital)' घोषित किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. देहरादून |
| | ✗ B. मैसूर |
| | ✔ C. बेंगलुरु |
| | ✗ D. उदयपुर |

| Q.84 | 2025 में अनावृत असम के AI-संचालित वर्चुअल न्यूज़ एंकर का नाम क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. अनन्या |
| | ✗ B. आशा |
| | ✔ C. अंकिता |
| | ✗ D. अर्पिता |

| Q.85 | 24 मई 2025 को नीति आयोग (NITI Aayog) की 10वीं गवर्निंग काउंसिल बैठक की अध्यक्षता किसने की? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. नरेंद्र मोदी |
| | ✗ B. अमित शाह |
| | ✗ C. मनोहर लाल खट्टर |
| | ✗ D. जे. पी. नड्डा |

| | |
|---|---|
| Q.86 | मई 2025 में, वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (FSIB) ने आशीष पांडे को किस बैंक के नए प्रबंध निदेशक (MD) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के रूप में अनुशंसित किया? |
| Ans | ✗ A. केनरा बैंक |
| | ✗ B. भारतीय स्टेट बैंक |
| | ✗ C. सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया |
| | ✓ D. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया |

| | |
|---|---|
| Q.87 | स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, किस टेलीमेडिसिन प्लेटफॉर्म ने अप्रैल 2025 तक 36 करोड़ से अधिक रोगियों को सेवा प्रदान की? |
| Ans | ✗ A. प्रैक्टो (Practo) |
| | ✗ B. अपोलो टेलीहेल्थ (Apollo Telehealth) |
| | ✗ C. एमफाइन (Mfine) |
| | ✓ D. ई-संजीवनी (eSanjeevani) |

| | |
|---|---|
| Q.88 | 9 जनवरी 2025 को प्रथम खो-खो विश्व कप में भारतीय महिला टीम किस टीम को हराकर चैंपियन बनी? |
| Ans | ✗ A. पाकिस्तान |
| | ✗ B. चीन |
| | ✓ C. नेपाल |
| | ✗ D. बांग्लादेश |

| | |
|---|---|
| Q.89 | किस भारतीय राजनीतिक लीडर को 2025 में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' अभियान के लिए जाना जाता है? |
| Ans | ✓ A. शिवराज सिंह चौहान |
| | ✗ B. योगी आदित्यनाथ |
| | ✗ C. मल्लिकार्जुन खड़गे |
| | ✗ D. राहुल गांधी |

| | |
|---|---|
| Q.90 | निम्नलिखित में से किस बैंक ने 2025 में कार्यबल को सशक्त बनाने हेतु 'नेक्स्ट लीप (Next LEAP)' नामक सबसे बड़ी कर्मचारी सहभागिता पहल की शुरूआत की? |
| Ans | ✗ A. केनरा बैंक |
| | ✗ B. इंडियन बैंक |
| | ✓ C. भारतीय स्टेट बैंक |
| | ✗ D. बैंक ऑफ बड़ौदा |

| | |
|---|---|
| Q.91 | निम्नलिखित में से किस शहर ने जुलाई 2025 में केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा SMILE-B (आजीविका और उद्यम के लिए वंचित व्यक्तियों के लिए सहायता – भिक्षावृत्ति से मुक्ति) योजना के कार्यान्वयन को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय कार्यशाला की मेजबानी की? |
| Ans | ✗ A. जयपुर |
| | ✗ B. पटना |
| | ✗ C. लखनऊ |
| | ✓ D. इंदौर |

| | |
|---|---|
| Q.92 | अगस्त 2025 में, भारत के इलेक्ट्रिक मोबिलिटी संक्रमण के लिए चुनौतियों और प्रमुख कदमों का आकलन करते हुए, 'भारत में 200 बिलियन डॉलर के अवसर को अनलॉक करना: इलेक्ट्रिक वाहन (Unlocking a $200 Billion Opportunity: Electric Vehicles in India)' रिपोर्ट ________ द्वारा जारी की गई थी। |
| Ans | ✗ A. ऊर्जा दक्षता ब्यूरो |
| | ✗ B. सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय |
| | ✗ C. भारी उद्योग मंत्रालय |
| | ✓ D. नीति आयोग |

| Q.93 | जून 2025 में केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री द्वारा चेन्नई में कितने उत्कृष्टता केंद्रों (CoE) का उद्घाटन किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 400 |
| | ✗ B. 100 |
| | ✓ C. 300 |
| | ✗ D. 200 |

| Q.94 | सतत विकास लक्ष्य - राष्ट्रीय संकेतक फ्रेमवर्क प्रगति रिपोर्ट, 2025 के अनुसार, निम्नलिखित में से किसमें पूर्व की तुलना में 2024-25 में वृद्धि हुई और यह बढ़कर 99.62% हो गई? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता में कमी |
| | ✗ B. कुल स्थापित बिजली उत्पादन में नवीकरणीय ऊर्जा का हिस्सा |
| | ✗ C. सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों/स्तरों द्वारा कवर की गई जनसंख्या का प्रतिशत |
| | ✓ D. ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत पेयजल स्रोत का उपयोग करने वाली जनसंख्या का प्रतिशत |

| Q.95 | वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को __________ के नाम से भी जाना जाता है। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. उम्मीद अधिनियम |
| | ✗ B. ताहिब अधिनियम |
| | ✗ C. साहिब अधिनियम |
| | ✗ D. फरीद अधिनियम |

| Q.96 | जून 2025 में किस महान धावक को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ICON नामित किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. उसेन बोल्ट (Usain Bolt) |
| | ✗ B. माइकल जॉनसन (Michael Johnson) |
| | ✗ C. जस्टिन गैटल (Justin Gatl) |
| | ✗ D. कार्ल लुईस (Carl Lewis) |

| Q.97 | निम्नलिखित में से किस संस्थान ने 2025 में बख्शी कप जीता? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. वायु सेना अकादमी (AFA) |
| | ✗ B. राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (NDA) |
| | ✗ C. भारतीय सैन्य अकादमी (IMA) |
| | ✓ D. भारतीय नौसेना अकादमी (INA) |

| Q.98 | प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर जियोर्जियो अरमानी (Giorgio Armani), जिनका 2025 में निधन हो गया, की राष्ट्रीयता क्या थी? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. फ्रांसीसी (French) |
| | ✗ B. स्पेनिश (Spanish) |
| | ✗ C. अमेरिकी (American) |
| | ✓ D. इतालवी (Italian) |

| Q.99 | 2025 में आयोजित जलवायु पर केंद्रित पहला एवरेस्ट पर्वतारोही शिखर सम्मेलन कहां आयोजित हुआ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. धर्मशाला, भारत |
| | ✗ B. ल्हासा, तिब्बत |
| | ✗ C. ढाका, बांग्लादेश |
| | ✓ D. काठमांडू, नेपाल |

| Q.100 | लगातार 11 वर्षों तक 100 m दौड़ 10 सेकंड से कम समय में पूरा करने वाला इतिहास में पहला एथलीट कौन बना? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ट्रेवॉन ब्रोमेल (Trayvon Bromell) |
| | ✗ B. उसेन बोल्ट (Usain Bolt) |
| | ✗ C. आंद्रे डी ग्रास (Andre De Grasse) |
| | ✓ D. अकानी सिम्बाइन (Akani Simbine) |

"